

## सच्चे संगीत प्रेमी परिवार ने स्वर सम्राट मोहम्मद रफी को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**झिरन्या।** ग्राम झिरन्या में शनिवार रात्रि को अमर पार्श्वगायक एवं स्वर सम्राट मोहम्मद रफ़ी की जयंती के अवसर पर सच्चे संगीत प्रेमी परिवार द्वारा भव्य संगीतमय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप एडमिन आनंद गंगराड़े द्वारा सुमन स्टूडियो, संजय नगर स्थित मस्जिद के पास किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने रफ़ी के सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुतियां देकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं निर्णायक डॉ. पवन जायसवाल तथा मणि भाई अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती एवं मोहम्मद रफ़ी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों ने रफ़ी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### स्थानीय प्रतिभाओं को मिल रहा है सशक्त मंच

सच्चे संगीत प्रेमी नामक व्हाट्स ऐप ग्रुप पिछले आठ महीनों से झिरन्या में सक्रिय है। इस ग्रुप से लगभग 30 संगीत प्रेमी जुड़े हुए हैं, जो प्रतिदिन अपनी गायन प्रस्तुतियां साझा करते हैं। यह मंच स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला निखारने का अवसर देने के साथ-साथ संगीत की बारीकियों को सीखने और समझने का भी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप एडमिन आनंद गंगराड़े ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, अनुशासन और संगीत के प्रति समर्पण ने इस आयोजन को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वर सम्राट मोहम्मद रफ़ी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बना दिया।

### मधुर प्रस्तुतियों ने जीता श्रोताओं का दिल

श्रद्धांजलि सभा में अजय शर्मा, मदन भाई, राजकुमार त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा, सेठी हिरवे, रिंकू भाटिया, नरेश पंवार, इरशाद खान, नित्तल पटेल,नरेन्द्र रोकड़े, विक्की शर्मा, संतोष भाई, मोहनलाल जी, विश्वास सोने रजनीश भाई, दीपक, जय राठौर, रवि, नंदू शर्मा, एजाज लुहार सहित ग्रुप के अनेक सदस्यों ने रफ़ी साहब के अमर गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की सुरीली आवाज़ और भावपूर्ण गायन ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## कुनबी पटेल समाज का सामूहिक विवाह वसंत पंचमी पर होगा सादगी पूर्ण

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद।** ग्राम ओझरा में रविवार को कुनबी पटेल समाज की जिला महिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में खरगोन, धार और बड़वानी जिलों के 72 गांवों से बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लिया। समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में जिला महिला संगठन का विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।




बैठक में मुख्य अतिथि पुनी भुवानीराम पटेल, जिला महिला समाज अध्यक्ष पिंटू (पूजा) पटेल, उपाध्यक्ष रेखा पटेल, आशा पटेल, सचिव सारिका पटेल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से संगठन को पांच प्रभाग खरगोन, धामनोद, ओझरा, बालसमुद और रेंगवा में विभाजित करते हुए प्रत्येक प्रभाग के लिए एक महिला प्रभारी और चार महिला सह-प्रभारी नियुक्त की गईं। जिला महिला समाज अध्यक्ष पिंटू पटेल ने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की शिक्षा, संगठन और आत्मनिर्भरता की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के उन्मूलन, बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि महिला संगठन की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेगा। बैठक में आगामी बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले समाज के 39वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन स्थल पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। विस्तृत चर्चा के बाद खरगोन, धार और बड़वानी जिलों के 72 गांवों की सहमति से ग्राम सोनखेड़ी को सम्मेलन का आयोजन स्थल घोषित किया गया। इसके साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी।

### सादगी और पर्यावरण संरक्षण बनेगा सम्मेलन की पहचान

समाज के जिलाध्यक्ष रामलाल पटेल ने बताया कि कुनबी पटेल समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्षों से सादगी, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी 2026 में ग्राम बामंदी में आयोजित 38वें सम्मेलन में 28 जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार के सानिध्य में संपन्न हुआ था। उस आयोजन में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध और पाइपलाइन आधारित जल व्यवस्था के माध्यम से पानी की बचत जैसे सराहनीय प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी आडंबररहित विवाह को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक नवदंपति को एक फलदार पौधा भेंट कर उसे जीवनभर संरक्षित करने का संकल्प दिलाया जाएगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक खर्चों में भी कमी लाई जा सके।

## वर्षा योग- 2026 के तहत मंगल कलश स्थापना

**मंडलेश्वर।** आर्यिका 105 लक्ष्मी भूषण माताजी के सानिध्य में वर्षा योग -2026 के अंतर्गत मंगल कलश स्थापित किया। मंगल कलश महोत्सव श्रद्धा भक्ति और उत्साह से मनाया गया। इस महोत्सव का शुभारम्भ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में भगवान के अभिषेक व शांतिधारा के साथ हुआ। पश्चात मंदिर से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा मंगल वाद्य यंत्रो और भक्ति संगीत के साथ निकाली गई जो कलश स्थापना स्थल पर पहुंची जहां श्रीजी का पूजन किया गया।



धर्मसभा में मंगलाचरण के साथ मुख्य कार्यक्रम शुरू हुआ इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रावक श्रेष्ठियों ने दीप प्रज्वलित कर आचार्य भगवन्तो के चित्रों का अनावरण किया। इसके बाद दीपक जैन परिवार ने चातुर्मास ध्वजारोहण किया। आर्यिका माताजी को शास्त्र भेंट वस्त्र भेंट और पाद प्रक्षालन किया गया आर्यिका को श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट किए।

## 26 वाहनों की नीलामी 6 अगस्त को

**महेश्वर।** पुलिस द्वारा जब्त वाहनों की नीलामी 6 अगस्त को की जाएगी। पुलिस के अनुसार 6 अगस्त को महेश्वर थाना परिसर में 26 मोटरसाइकिलों की नीलामी की जाएगी। नीलामी में जिन खरीदारों को भाग लेना है वे अपना आधार कार्ड और दो पासपोर्ट फोटो के साथ थाने के प्रधान आरक्षक दिनेश रोमडे से मोबाइल न. 90095-94634 पर संपर्क कर सकते हैं। थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि महेश्वर थाने में 26 वाहन विभिन्न कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए थे, जिनकी नीलामी शासन के नियम अनुसार 6 अगस्त को की जाएगी।



### एक नजर में

## झिरन्या के कई क्षेत्रों में गंदगी से पनप रहे मच्छर



**झिरन्या।** झिरन्या नगर में स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के कई हिस्सों में जहां सफाई अभियान चलाया जा रहा है, वहीं कई स्थानों पर गंदगी और जलभराव से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में सफाई व्यवस्था समान रूप से नहीं होने से कई क्षेत्रों की स्थिति बदहाल बनी हुई है।नगर की मुख्य पानी की टंकी, जहां से पूरे नगर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है, उसके आसपास लंबे समय से गंदगी फैली हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां नियमित सफाई नहीं होने से संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं भकेश्वर मंदिर के सामने पूरे नगर का गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। हालांकि पंचायत द्वारा कुछ स्थानों पर कचरे की सफाई कराई गई है, लेकिन नगर के अधिकांश हिस्सों में अब भी गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। पूरे नगर में नियमित एवं प्रभावी सफाई अभियान चलाया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा खराब सड़कों और गड्ढों की जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और नगर को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

## कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन

**कसरावद।** श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खलघाट से ठीकरी तक निकलने वाली धर्मजागरण श्री योगेश्वर महादेव कांवड़ यात्रा के निमरानी आगमन पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर कांवड़ियों का अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। तिरुपति ट्रेडर्स के संचालक योगेश अग्रवाल एवं मुकेश अग्रवाल द्वारा कांवड़ियों का भव्य स्वागत करते हुए सभी शिवभक्तों को फ्रूटी का वितरण किया गया। जैसे ही कांवड़ यात्रा निमरानी पहुंची, तेज बारिश शुरू हो गई, लेकिन बारिश भी शिवभक्तों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। कांवड़िए हर-हर महादेव के जयघोष के साथ नाचते-गाते अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहे। श्रद्धालुओं ने इसे भगवान शिव एवं इंद्रदेव की विशेष कृपा का प्रतीक बताया। इस दौरान कांवड़ यात्रा की संयोजक वंदना राठौर का कल्पना अग्रवाल एवं आरती अग्रवाल ने माल्यार्पण कर तथा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।ग्राम में अन्य स्थानों पर भी श्रद्धापूर्वक कांवड़ियों का स्वागत किया गया। मोहब्बत दसौंधी द्वारा कांवड़ियों का अभिनंदन किया गया, वहीं निमरानी बायपास स्थित सावरियां चिल्ड वाटर पर आयुष (जॉन्टी) जायसवाल ने कांवड़ियों के लिए शीतल जल सेवा की व्यवस्था कर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में योगेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सरपंच मदन जोशी, उपसरपंच मनोज दसौंधी, ओमप्रकाश सिसोदिया, मधुसूदन गर्ग, किरण अग्रवाल, रमेश सेन, राजू अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, गोलू जायसवाल, मयूर मित्तल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।श्रावण माह में निकली इस कांवड़ यात्रा के स्वागत ने पूरे निमरानी क्षेत्र को शिवमय बना दिया। तेज बारिश के बीच शिवभक्तों का अटूट उत्साह, भक्ति और आस्था लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

## शिक्षा विभाग में लिपिकों की प्रमोशन लिस्ट जारी

**खरगोन।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग द्वारा जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। जारी आदेशानुसार जिले के कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत कर नवीन पदस्थापना प्रदान की गई है।

जारी आदेश अनुसार मुख्य लिपिक/ सहायक ग्रेड.1 पद पर- लेखापाल/ गणक पद से पदोन्नत कर कमल सिंह चौहान को प्रधान लिपिक तथा अंतरसिंह मोरे एवं वीपी सांवले को सहायक ग्रेड.1 के पद पर पदोन्नत कर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन में पदस्थ किया गया है। लेखापाल पद पर सहायक ग्रेड.2 से पदोन्नत कर 7 कर्मचारियों यतिन्द कुमार जोशी, उमेश निखोरिया, मनीषा जोशी, आशीष बजाज, महादेव पाटीदार, संजय शुक्ला एवं राकेश साधौ को लेखापाल के पद पर पदोन्नत किया गया है। सहायक ग्रेड.2 पद पर सहायक ग्रेड.3 से पदोन्नत कर नारायण वर्मा, रितेश जोशी, योगेन्द्रसिंह पाटिल, विरेन्द्र राठौर, गीतगोविंद अंजने एवं विनोद खाण्डेकर को सहायक ग्रेड.2 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति सूची जारी होने पर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला ने खुशी जताते हुए संयुक्त संचालक का आभार जताया है।

## रोजगार शिक्षा पर शिक्षकों का दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, महेश्वर में रोजगार शिक्षा (वर्ष-2) पर आधारित दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर जितेंद्र भालसे एवं ब्लॉक मैनेजर राहुल यादव द्वारा किया गया।



प्रशिक्षण की शुरुआत परिचय गतिविधि, कल्चर सेटिंग एवं प्रतिभागियों की अपेक्षाओं के साथ हुई। इस दौरान शिक्षकों ने रोजगार शिक्षा के पिछले वर्ष के अनुभव एवं उपलब्धियां भी साझा कीं। दो दिवसीय प्रशिक्षण में रोजगार शिक्षा वर्ष-2 के नवीन पाठ्यक्रम, जीवन कौशल, करियर योजना, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल एवं ग्रीन जॉब्स, संवाद एवं सहयोग कौशल, जेंडर समानता, बाल अधिकार एवं बाल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर सत्रों के प्रभावी संचालन एवं चैटबॉट के माध्यम से रिपोर्टिंग की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य बिरजू गुप्ता ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान करते हुए सभी शिक्षकों से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। समापन अवसर पर सक्षम नोडल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने रोजगार शिक्षा व जीवन कौशल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य के रोजगार, आत्मनिर्भरता एवं जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कीर्तन यात्रा परिवार का हरिनाम संकीर्तन के साथ पौधारोपण अभियान

**खरगोन।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को लेकर किर्तन यात्रा परिवार, खरगोन द्वारा रविवार, 02 अगस्त 2026 को श्री गुरु गोरक्षनाथ मंदिर, केंद्रीय विद्यालय के पीछे, खरगोन में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्ण महा मंत्र संकीर्तन करते हुए उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया।



भक्ति और प्रकृति संरक्षण के इस अनूठे संगम ने सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरु पंडित कैलाश कानूनगो, भागवत प्रवक्ता कृष्णा दीदी, पूजा कानूनगो, संगीता भावसार, यामिनी कानूनगो, पूजा भावसार, जगदीश भावसार, अनुज भावसार, चंद्रशेखर चौहान, संजय योगी, रानू योगी, रुक्मणी योगी, धीरेन्द्र चौहान, अमरीश भावसार, हर्षित राठौड़, नंदन भावसार, आदेश चौहान एवं हिमाद्री कानूनगो ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि छोटे-छोटे बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ पौधे लगाए और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का परिचय दिया। गुरु पंडित कैलाश कानूनगो ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के सच्चे मित्र हैं। वृक्षारोपण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। किर्तन यात्रा परिवार की यामिनी कानूनगो ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी समय में भी शहर के विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली

**बड़वाह।** सिविल अस्पताल बड़वाह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दौलत सिंह चौहान एवं सीबीएमओ डॉ राजेंद्र मिमरोट की अध्यक्षता में 70 प्लस आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त आशा कार्यकर्ता की बैठक ली गई।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने 70 प्लस हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं गर्भवती महिला पंजीयन, करवाने एवं गृह आधारित नवजात शिशु की देखभाल स्तनपान दिवस सप्ताह के अंतर्गत स्तनपान का महत्व के बारे में बताया एवं शिशु को जन्म के तुरंत बाद और 6 महीने तक केवल मां का स्तनपान करवाने एवं सत प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण करवाने के लिए निर्देशित किया गया। सीबीएमओ द्वारा सभी समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए गए, जिसके लिए समस्त गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर जांच करवाना है साथ ही सिकल सेल एनीमिया कुष्ठ रोग मरीजों की जांच कर उपचार करवाने को आदेशित किया गया।

## मंडलेश्वर नगर परिषद में किया बालीपुर सरकार का स्वागत

**मंडलेश्वर।** क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक स्थल बालीपुर धाम के गुरुदेव श्री योगेश जी महाराज ने रविवार को नगर में एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान का शुभारम्भ किया इसके पश्चात नगर परिषद कार्यालय में गुरुदेव का नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे और गुरु भक्तों ने स्वागत किया अध्यक्ष ने गुरुदेव को अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया गुरुदेव ने अध्यक्ष कक्ष में लगे धार्मिक चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और परिषद का नवनिर्मित भवन और सभाकक्ष देखा और अध्यक्ष को अच्छे कार्य करते रहने का आशीष प्रदान किया।

**एक नजर में** ▶ नर्मदा घाट मंडलेश्वर से खुली जीप में निकाली रैली, लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया सम्मान

## पैरा स्पेशल फोर्स से सेवानिवृत होने पर किया भव्य स्वागत

**मंडलेश्वर।** भारतीय सेना की विशेष सैन्य अभियानों के लिए 01 जुलाई 1966 में गठित पैरा एसएफ से 16 वर्ष की सेवा देकर सेवानिवृत हुए ग्राम छोटी खरगोन के हेमंत सिंह सोलंकी का रविवार नर्मदा घाट पर ग्राम छोटी खरगोन और मंडलेश्वर के लोगों ने भव्य स्वागत किया।



पैरा कमांडो हेमंत सिंह ने मां नर्मदा का पूजन किया इसके बाद उनके पिताजी भगवान सिंह सोलंकी मामाजी उम्मेद सिंह पटेल ग्राम छोटी खरगोन के नरेन्द्र पटेल, भगवान पटेल राजेश चौहान अम्बेडकर ग्रुप मंडलेश्वर के भोला भार्गव अंतिम भार्गव राजेश भार्गव ने कमांडो का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद पैरा कमांडो को खुली जीप में परिजनों के साथ रैली के रूप में देश भक्ति गीतों के साथ ग्राम छोटी खरगोन ले जाया गया जहां उनका समारोह पूर्वक नागरिक सम्मान किया गया। ग्राम पीपलगोन से हायर सेकंडरी पास करने के बाद हेमंत सोलंकी ने मंडलेश्वर के सरदार पटेल कॉलेज से स्नातक किया। 2010 में वें राजपूत रेजिमेंट में सैनिक बने 2013 में भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट का हिस्सा बने। इस रेजिमेंट का गठन 1952 में किया गया था। इस रेजिमेंट का हिस्सा बनने के बाद हेमंत ने पैरा स्पेशल फोर्स में जाने के लिए कडी मेहनत की और वें देश की इस प्रतिष्ठित फोर्स के लिए चुने गए कठिन प्रशिक्षण को पुरा करना भी एक चुनौती होती है हेमंत ने अपनी लगन और मेहनत से पैरा एस एफ की ट्रेनिंग पुरी की और देश सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। हेमंत सिंह सोलंकी ने बताया की मैंने पैरा एस एफ के कमांडो के रूप में कई जोखिम पूर्ण सैन्य अभियानों के आलावा आतंक रोधी अभियानों में भी भाग लिया हमारे फोर्स ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

इससे पहले 1971 के युद्ध और म्यांमार में विद्रोहियों के अड्डे भी नष्ट किए। पैरा एस एफ किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। सेवा निवृत होने के बाद हेमंत युवाओ को सेना अर्ध सैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में जाने के लिए प्रशिक्षण देंगे।